प्रादेशिक समाचार
17.11.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के सीईओ सुनील वर्णवाल झारखंड के दौरे पर, गिरिडीह में की आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश।
2. झारखंड शराब घोटाले मामले में जांच तेज, एसीबी ने रामगढ़ के उपायुक्त को पूछताछ के लिए किया तलब।
3. कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि निदेशालय और किसान कॉल सेंटर का किया औचक निरीक्षण, उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक।
4. मौसम विभाग ने पलामू, लोहरदगा और सिमडेगा समेत सात जिलों में कल शीतलहर चलने की दी चेतावनी, 23 नवंबर तक सुबह में छाया रहेगा कोहरा।
5. एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप की ट्रॉफी पहुंची रांची, खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने किया अनावरण।

****

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सीईओ सुनील वर्णवाल झारखंड के दौरे पर हैं। उन्होंने आज गिरिडीह में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की। बैठक के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जिले में कई मोर्चो पर अच्छा काम हुआ है लेकिन अभी भी बहुत काम करने की जरूरत है।

****

झारखंड शराब घोटाले मामले में एसीबी की जांच का दायरा बढ़ता जा रहा है। एसीबी ने तत्कालीन उत्पाद आयुक्त और वर्तमान में रामगढ़ डीसी के पद पर पदस्थापित फैज अक अहमद को तलब किया है। इससे पहले एसीबी इस मामले में आईएएस अधिकारी मुकेश कुमार और मनोज कुमार से पूछताछ कर चुकी है।

****

रांची के हरमू स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान की प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक को राष्ट्रीय महामंत्री और सांसद अरुण सिंह ने संबोधित किया। राष्ट्रीय महामंत्री ने झारखंड के राजनीतिक हालात पर चर्चा करते हुए कहा कि राज्य में विकास के कार्य पूरी तरह से ठप पड़ चुके हैं।

****

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को लेकर रामगढ़ कॉलेज में आज यूनिटी मार्च का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल के साथ बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी भी शामिल हुए। मौके पर सांसद ने सरदार पटेल के योगदान को याद किया।

****

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आज कृषि निदेशालय और किसान कॉल सेंटर का औचक निरीक्षण किया। बाद में कृषि मंत्री ने कृषि निदेशालय में उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। समीक्षा बैठक के दौरान उद्यान विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की उन्होंने विस्तार से जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रचनात्मक सोच और ठोस कार्य योजना के जरिए योजनाओं को गति प्रदान की जा सकती है।

****

केन्द्र सरकार ने प्रिंट मीडिया में विज्ञापनों की दरों में 26 प्रतिशत की बढोतरी की है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा है कि दैनिक समाचार पत्रों की एक लाख प्रतियों के लिए प्रति वर्ग सेंटीमीटर ब्लैक एंड व्हाइट विज्ञापन की दरें 47 रुपये 40 पैसे से बढ़ाकर 59 रुपये 68 पैसे कर दी गई हैं।

****

बोकारो हवाई अड्डे से उड़ान सेवा शुरू होने में हो रही देरी को लेकर आज बोकारो डीसी अजय नाथ झा ने बोकारो हवाई अड्डा परिसर में रांची एयरपोर्ट के डायरेक्टर विनोद कुमार और सेल के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में लाइसेंस प्रक्रिया में आ रही परेशानियों को लेकर चर्चा हुई।

****

कुरमी समाज को आदिवासी का दर्जा देने की मांग के विरोध में आज हजारीबाग में आदिवासी समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। समाज के लोगों ने एक स्वर में कहा कि किसी भी हाल में कुरमी समाज को आदिवासी का दर्जा नहीं दिया जाना चाहिए।

****

जिला विधिक सेवा प्राधिकार की पहल पर आज जामताड़ा के वृद्ध आश्रम में वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर प्राधिकार के सचिव पवन कुमार ने वृद्ध आश्रम में रह रहे वृद्ध जनों का हाल–चाल जाना और वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, आयुष्मान कार्ड, सीनियर सिटीजन कार्ड सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और इनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

****

गोड्डा जिले में स्कूली बच्चों के मानसिक विकास के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं।

****

राज्य भर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार, कल से 23 नवंबर तक सुबह में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा छाया रहेगा। लेकिन बाद में मौसम साफ हो जायेगा। मौसम विभाग ने 18 नवंबर को सात जिलों में शीतलहर चलने की संभावना जताई है। इन जिलों में गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा शामिल हैं।

****

एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप की ट्रॉफी आज रांची पहुंची। मोराबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह हॉकी स्टेडियम में आयोजित एक समारोह में राज्य के खेल मंत्री ने सुदिव्य कुमार ने इसका अनावरण किया। श्री कुमार ने इसके टी–शर्ट का भी अनावरण किया। इस मौके पर खेल मंत्री ने प्रतियोगिता में भारत के बेहतर प्रदर्शन की कामना की।

गौरतलब है कि आगामी 28 नवंबर से तमिलनाडु में एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप आयोजित होने वाला है। इसी के तहत देश भर ट्राफी का अनावरण किया जा रहा है।

********समाप्त*********